# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

### शुक्रवार, दिनांक 16 मार्च, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

कुमर्रा छुरिया कटबांध की डुबान भूमि का मुआवजा

1. (*क्र. 1855) **श्री रजिन्दरपाल सिंह भाटिया :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राजनांदगांव के छुरिया वि. ख. के कुमर्रा छुरिया कटबांध के डुबान में आई किसानी भूमि का मुआवजा भुगतान सभी कृषकों को कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो कब तक भुगतान किया जावेगा ? (ख) क्या यह सत्य है कि उपरोक्त बांध में वर्षा ऋतु में पूरी क्षमता में बांध में पानी भरने पर, जिस भूमि का मुआवजा भुगतान नहीं दिया गया है, उन किसानों की लगानी भूमि भी डूब जाती है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) राजनांदगांव के छुरिया विकासखण्ड के कुमर्रा छुरिया कटबांध (व्यपवर्तन) के डुबान से प्रभावित 05 कृषकों की निजी भूमि का मुआवजा भुगतान नहीं किया गया है. पूरक भू-अर्जन प्रकरण तैयार कर भू-अर्जन अधिकारी, राजनांदगांव को प्रस्तुत किया जा चुका है. भू-अर्जन प्रकरण का निराकरण अर्द्धन्यायिक होने के कारण निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है. (ख) जी हां.

मोंगरा परियोजना का लोकार्पण

2. (*क्र. 1666) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जल संसाधन संभाग डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव अंतर्गत मोंगरा परियोजना पूर्ण होने के पश्चात् लोकार्पण कर दिया गया है ? यदि हां तो कब ? (ख) क्या उक्त परियोजना में लागत एवं सिंचाई क्षमता में परिवर्तन किया गया है ? यदि हां, तो लागत में कितनी वृद्धि हुई एवं सिंचाई क्षमता में कितना परिवर्तन किया गया ? (ग) उक्त परियोजना की प्रारंभिक सिंचाई क्षमता कितनी निर्धारित की गई थी एवं लागत वृद्धि उपरान्त कितनी सिंचाई क्षमता निर्धारित की गई ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) मोंगरा बैराज परियोजना का लोकार्पण, शीर्ष कार्य पूर्ण होने एवं प्रथम जल भराव की स्थिति में, दिनांक 17-01-2007 को किया गया है. (ख) जी हां. परियोजना की लागत में रु. 76.00 करोड़ से रु. 138.23 करोड़ की वृद्धि हुई है एवं सिंचाई क्षमता में 11500 हेक्टेयर से 9431 हेक्टेयर परिवर्तन किया गया है. (ग) परियोजना की प्रारंभिक रूपांकित सिंचाई क्षमता 11500 हेक्टेयर प्रस्तावित की गई थी. लागत वृद्धि उपरांत 9431 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचाई क्षमता प्रस्तावित की गई है.

समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में की गई अनुशंसाओं पर कार्यवाही

3. (*क्र. 1552) **श्री उदय मुदलियार :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) सहकारी समिति, मोवा द्वारा धान खरीदी के संबंध में किन-किन अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर आरोप तय किये गये है ? (ख) आरोपित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहकारी समिति, मोवा के किन-किन सदस्यों पर क्या-क्या कार्यवाही की गयी ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

मोंगरा बैराज परियोजना अंतर्गत कृषकों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा

4. (*क्र. 1467) **श्री संजीव शाह :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला राजनांदगांव विकासखण्ड अं. चौकी में स्थित "मोंगरा बैराज परियोजना" के डुबान क्षेत्र के कितने किसानों की भूमि का मुआवजा भुगतान व पुनर्वास पारित होना शेष है ? (ख) मोंगरा

बैराज परियोजना का उच्चतम जलभराव का अन्तिम जल छोर (तट), कौन-कौन से राजस्व ग्रामों की सीमा का स्पर्श करेगा ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) जिला राजनांदगांव विकासखंड-अम्बागढ़ चौकी में स्थित "मोंगरा बैराज परियोजना" के डुबान क्षेत्र के 16 कृषकों का भू-अर्जन अवार्ड पारित कर मुआवजा भुगतान किया जाना शेष है. (ख) मोंगरा बैराज परियोजना का अंतिम जल छोर (तट) निम्न राजस्व ग्रामों की सीमा को स्पर्श करेगा :- 1. मोंगरा, 2. खड़खड़ी, 3. मिरचे, 4. पोसवार, 5. बिचारपुर, 6. दोड़के, 7. दुर्रेटोला, 8. भुरभुसी, 9. दानीटोला, 10. झिंटिया, 11. मुजाल, 12. सोनाली, 13. जाड़ेटोला, 14. मिल्हाटी एवं 15. बेलरगुर.

लघु सिंचाई योजना अन्तर्गत निर्मित जलाशयों की सिंचाई क्षमता

5. (*क्र. 1298) **सुश्री कामदा जोल्हे :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत कितने जलाशय कितनी सिंचाई क्षमता के हैं ? (ख) प्रश्नांश (क) में वर्णित जलाशयों में कितने-कितने एकड़ वास्तविक सिंचाई वर्ष 2006 में की गई है ? कृपया जलाशयवार बतावें ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) रायगढ़ जिले में 101 लघु सिंचाई योजनाएं है जिसकी रूपांकित सिंचाई क्षमता 38991 हेक्टेयर है. (ख) उपरोक्त 101 योजनाओं से वर्ष 2006 में 23317 एकड़ में वास्तविक सिंचाई की गई है. जलाशयवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में है.

बाल श्रमिक शालाओं की जानकारी

6. (*क्र. 1622) **श्री चन्दूलाल साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र राजिम में बाल श्रमिकों की शिक्षा के लिए कहां-कहां बाल श्रमिक शाला संचालित है ? (ख) किन-किन एन. जी. ओ (अशासकीय संगठनों) द्वारा बाल श्रमिक शालाओं का संचालन किया जा रहा है ? (ग) क्या बाल श्रमिकों के लिए संचालित शालाओं को राज्य शासन द्वारा राज्य छात्रवृत्ति/अनुदान का प्रावधान है ? यदि हां, तो कितना.

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचन्द यादव) : (क) विधान सभा क्षेत्र राजिम में बाल श्रमिकों की शिक्षा के लिए फिंगेश्वर, कोमा, बेलर, लोहरसी, गरियाबंद में एक-एक एवं राजिम में दो बाल श्रम शालाएं संचालित है. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ग) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

कृषि उपज मंडी रायपुर का चुनाव

7. (*क्र. 745) **मोहम्मद अकबर :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कृषि उपज मंडी रायपुर में कुल कितने मतदाता हैं ? इनमें से कुल कितने-कितने सिर्फ परिवर्तित भूमि धारित करने वाले मतदाता सूची में शामिल हैं ? (ख) उक्त मंडी का चुनाव कब-कब और क्यों स्थगित किया गया है ? कब तक कराया जायेगा ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) कृषि उपज मंडी, रायपुर में 1 जनवरी 2005 की स्थिति में तैयार मतदाता सूची में 1,35,143 कृषक मतदाता एवं 487 व्यापारी मतदाता है. इनमें से कुल 11,462 मतदाता परिवर्तित भूमि धारित करने वाले हैं. (ख) इस मंडी का चुनाव दिनांक 14-12-2005 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दायर याचिका क्र.-6284/2005 में दी गई स्थगन के फलस्वरूप राज्य शासन द्वारा प्रसारित निर्वाचन सूचना दिनांक 26-12-2005 में समावेशित नहीं था. दिनांक 06-01-2006 को उक्त याचिका खारिज हो जाने के फलस्वरूप राज्य शासन द्वारा जारी निर्वाचन सूचना दिनांक 27-06-2006 को, निर्वाचन नियम 1997 के अध्याय 4 नियम 12 के उपनियम (3) में वर्णित प्रावधान अनुसार निर्वाचन वर्ष के जनवरी के प्रथम दिन तक की स्थिति में मतदाता सूची के पुनरीक्षण आवश्यक होने से, राज्य शासन की अधिसूचना दिनांक 30-10-2006 द्वारा इसे आगामी आदेश पर्यन्त मुल्तवी की गई. नियम के इस प्रावधान के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण होने के पश्चात् निर्वाचन संपन्न कराया जायेगा, जिसकी निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है.

---

† परिशिष्ट "एक"

बालोद विधान सभा क्षेत्र में संचालित पशु औषधालयों के संबंध में

8. (*क्र. 1453) **श्री प्रीतम साहू :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के बालोद विधान सभा क्षेत्र में कितने पशु औषधालय कहां-कहां संचालित हैं ? कितने भवन युक्त कितने भवन विहीन है ? (ख) उक्त पशु औषधालयों में स्वीकृत पद अनुसार कितना-कितना स्टॉफ कार्यरत है ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में है. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में है.

लायनिंग कार्य के इस्टीमेट में कांट-छांट किए जाने संबंधी

9. (*क्र. 1715) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मिनीमाता हसदेव बांगो परियोजना में रिटर्न केनाल के लायनिंग कार्य हेतु निविदाएं कब बुलायी गई और इसमें कितने निविदाकारों ने भाग लिया ? (ख) क्या उक्त कार्यों के इस्टीमेट में कांट-छांट कर इस्टीमेट बढ़ाए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां, तो इस पर क्या कार्यवाही की गई ? (ग) उक्त कार्य कब तक पूरा किया जाना है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) मिनीमाता बांगो परियोजना के अंतर्गत रिटर्न केनाल के लायनिंग कार्य हेतु निविदा दिनांक 26-10-2006 को आमंत्रित की गई थी जिसमें 08 निविदाकारों ने भाग लिया. (ख) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) अनुबंध के अनुसार कार्य मार्च 2008 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है.

बस्तर जिले में मिट्टी तेल के अधिकृत विक्रेता

10. (*क्र. 654) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर जिले में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के अतिरिक्त मिट्टी तेल के अधिकृत विक्रेता कितने हैं तथा निजी विक्रेता नियुक्त करने के क्या मापदण्ड है ? (ख) प्रश्नांश "क" में उल्लेखित विक्रेताओं को प्रतिमाह कितना-कितना मिट्टी तेल का आवंटन किया जाता है तथा आवंटन का आधार क्या है ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) बस्तर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के नीले मिट्टी तेल के फुटकर वितरण हेतु उचित मूल्य दुकानों के अतिरिक्त 29 हाकर्स एवं 03 फुटकर विक्रेता कार्यरत है. निजी फुटकर विक्रेता की किसी क्षेत्र में आवश्यकता होने पर कलेक्टर द्वारा विज्ञप्ति प्रसारित कर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. निजी फुटकर विक्रेता अथवा हाकर्स के लिए आवेदक को उसी क्षेत्र का निवासी होना आवश्यक नहीं है. (ख) हाकर्स को प्रतिमाह 800 लीटर तथा फुटकर विक्रेता को प्रतिमाह 10,400 लीटर मिट्टी तेल आवंटित किया जा रहा है. आवंटन का आधार राशनकार्ड है.

रायगढ़ जिला में किसान समृद्धि योजना की जानकारी

10. (*क्र. 1819) **श्री नन्द कुमार पटेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिला के किन-किन विकासखण्डों में किसान समृद्धि योजना लागू है ? योजना के मापदण्ड क्या-क्या है ? (ख) वर्ष 2004-2005 से प्रश्नांकित दिनांक 22-2-07 तक जिले के किन-किन विकासखण्डों में कितने-कितने कृषकों को बोर उत्खनन एवं पम्प के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया है ? (ग) क्या किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत नलकूप उत्खनन एवं मोटर पम्प में किसानों के सब्सिडी का प्रावधान है ? यदि हां, तो कितना-कितना ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) रायगढ़ जिले के किसी भी विकासखण्ड में किसान समृद्धि योजना लागू नहीं है. किसान समृद्धि योजना के मापदण्ड †† संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) रायगढ़ जिले में किसान समृद्धि योजना लागू न होने के कारण इस योजना के अंतर्गत बोर उत्खनन एवं पंप प्रतिस्थापन के लिए कोई अनुदान स्वीकृत नहीं किया गया. (ग) जी हां. "किसान समृद्धि योजना" अंतर्गत बोर उत्खनन एवं मोटर पंप के लिए वर्गवार निम्नानुसार अनुदान का प्रावधान है :-

| क्र. | कृषक वर्ग | खनन अनुदान (सफल एवं असफल दोनो स्थितियों में अनुदान देय है) | पंप प्रतिस्थापन पर अनुदान |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | सामान्य | खनन की लागत अथवा रु. 10,000/- जो भी कम हो | सफल नलकूपों में पंप प्रतिस्थापन पर पंप एवं सहायक सामग्री की लागत अथवा रु. 15,000/- जो भी कम हो. |

† परिशिष्ट "दो"

†† परिशिष्ट "तीन"

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 2. | अनुसूचित जाति/जनजाति. | खनन की लागत अथवा रु. 18,000/- जो भी कम हो. | सफल नलकूपों में पंप प्रतिस्थापन पर पंप एवं सहायक सामग्री की लागत अथवा रु. 25,000/- जो भी कम हो. |

दुर्ग जिले में उद्वहन सिंचाई योजना संबंधी

12. (*क्र. 1123) **श्रीमती रमशीला साहू :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में कितनी उद्वहन सिंचाई योजना संचालित हैं ? कितनी चालू है और कितनी बंद है ? बंद होने के क्या कारण हैं ? (ख) क्या भाठागांव उद्वहन सिंचाई योजना पूर्ण हो गई है ? यदि हां, तो क्या किसानों को पानी दिया जा रहा है ? यदि नहीं तो क्यों ? कब तक दिया जाएगा ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) दुर्ग जिले में 17 उद्वहन सिंचाई योजना संचालित है जिसमें से 04 उद्वहन सिंचाई योजना चालू है एवम् 13 उद्वहन सिंचाई योजना बंद है. विद्युत विच्छेद होने, पम्प नहीं लगने एवम् कमाण्ड में शहरी आबादी बसने के कारण उद्वहन सिंचाई योजनायें बंद है. (ख) जी हां. वर्तमान में किसानों को पानी नहीं दिया जा रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग द्वारा विद्युत देयकों के भुगतान न होने के कारण विद्युत विच्छेद कर दिया गया है. पुन: विद्युत लाईन प्रारम्भ होने के पश्चात् ही जल प्रदाय किया जाना संभव होगा.

बांगो बांध के डूब से प्रभावित कृषकों की भूमि का मुआवजा

13. (*क्र. 1325) **श्री रामदयाल उइके :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कोरबा जिले में निर्मित बांगो बांध के डूब से प्रभावित ग्राम साखो (लरला) के कितने कृषकों की भूमि प्रभावित हुई हैं ? कितने कृषकों को मुआवजा दिया गया है ? कितने कृषकों को नहीं है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : कोरबा जिला में निर्मित बांगो बांध के डूब से प्रभावित ग्राम-साखो के 35 कृषकों की तथा ग्राम-लरला के 85 कृषकों की भूमि अधिग्रहित की गई है. सभी कृषकों को भू-अर्जन मुआवजा का भुगतान कर दिया गया है. किसी भी प्रभावित कृषक को मुआवजा भुगतान किया जाना शेष नहीं है.

मिट्टी तेल की कालाबाजारी

14. (*क्र. 159) **श्री सियाराम कौशिक :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में वर्ष 2006 में मिट्टी तेल की कालाबाजारी/अवैध भण्डारण के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? दोषी व्यक्तियों के नाम सहित जानकारी दी जावे ? (ख) दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) बिलासपुर जिले में वर्ष 2006 में मिट्टी तेल की कालाबाजारी/अवैध भण्डारण के 31 प्रकरण दर्ज किए गए हैं. दोषी व्यक्तियों के नाम सहित जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) दोषियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

मिलर्स एवं ट्रेडर्स द्वारा चावल एवं कनकी बेचे जाने के संबंध में

15. (*क्र. 1482) **श्री भूपेश बघेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नवंबर 2005 से दिनांक 31 जनवरी, 2007 तक छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायगढ़, चांपा, जांजगीर, रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव कृषि उपज मण्डी से रेल यातायात के द्वारा कितना चांवल एवं कनकी प्रदेश के बाहर किस-किस मिलर्स एवं ट्रेडर्स द्वारा बेचा गया ? (ख) क्या उक्त मिलर्स के द्वारा बेची गई चावल के लिए धान मिलिंग किया गया ? यदि हां, तो कृषि उपज मण्डी कर एवं निराश्रित कर के रूप में कितनी राशि जमा की गयी ? (ग) ट्रेडर्स के द्वारा बेचे गये चावल किस-किस मिलर्स से क्रय किए गये एवं मिलर्स के द्वारा चावल बनाने के लिए कितना धान मिलिंग किया गया एवं इसके विरूद्ध कितना मंडी टैक्स, निराश्रित टैक्स एवं सेल्स टैक्स जमा किया गया ?

† परिशिष्ट "चार"

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट- "अ" में है. (ख) जी हां, उक्त मिलर्स के द्वारा बेची गयी चावल के लिए 21 लाख 14 हजार 8 सौ 77 क्विंटल धान का मिलिंग किया गया. कृषि उपज मण्डी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क के रूप में क्रमशः राशि रुपये 1 करोड़ 65 लाख 61 हजार 4 सौ 25 एवं रुपये 15 लाख 57 हजार 3 सौ 33 संबंधित मंडियों में जमा किया गया. (ग) 2 ट्रेडर्स ने 15 मिलर्स से क्रय किया है जिसमें से 9 मिलर्स राज्य के बाहर के हैं एवं 6 मिलर्स राज्य के हैं. राज्य के मिलर्स द्वारा 2 लाख 98 हजार 98 क्विंटल धान मिलिंग किया गया एवं इसके विरुद्ध व्यापारिक सम्व्यवहार होने से मिलर्स द्वारा रुपये 9 लाख 73 हजार 9 सौ 94 मण्डी शुल्क एवं रुपये 77 हजार 3 सौ 8 निराश्रित शुल्क जमा किया गया. ट्रेडर्स का नाम मिलिंग एवं मण्डी/निराश्रित शुल्क की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" में है. सेल्स टैक्स से संबंधित जानकारी संकलित की जा रही है.

तांदुला जलाशय की पानी संग्रहण क्षमता

16. (*क्र. 1813) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में तांदुला जलाशय के पानी संग्रहण की क्षमता कितनी है ? कुल सिंचाई का रकबा कितना है ? (ख) क्या तांदुला जलाशय से रबी फसल में सिंचाई की जाती है ? यदि हां, तो वर्ष 2006-07 में कितने रकबे में सिंचाई की गई ? (ग) नहर लाईनिंग कार्य हेतु वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में इस जलाशय के लिये कितनी राशि स्वीकृत की गई एवं कितना व्यय किया गया ? (घ) नहर लाइनिंग कार्य पश्चात् कितने रकबे में अतिरिक्त सिंचाई की जा सकेगी ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचन्द यादव) : (क) दुर्ग जिले में तांदुला जलाशय की जल संग्रहण क्षमता 10674 मि. घ. फुट है. योजना की रूपांकित खरीफ सिंचाई क्षमता 68219 हेक्टेयर है. (ख) तांदुला जलाशय से रबी फसल (ग्रीष्मकालीन फसल) की सिंचाई जल की उपलब्धता के अनुसार की जाती है. वर्ष 2006-07 में अभी तक 1677 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई है. (ग) तांदुला नहर लाइनिंग कार्य हेतु वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में आवंटित एवं व्यय की गई राशि निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | वर्ष | आवंटन (रु. लाख में) | व्यय (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तांदुला मुख्य नहर लाइनिंग का कार्य | 2005-06 | 3000.00 | 3282.30 |
| | | 2006-07 | 1449.20 | 975.32 |

(घ) नहर लाइनिंग कार्य पश्चात् 19705 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई की जाना प्रस्तावित है.

आदिवासी परिवारों को बैलजोड़ी का वितरण

17. (*क्र. 1634) **श्री महेन्द्र कर्मा** : क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या आदिवासियों को गाय बांटने की योजना में परिवर्तन कर गाय के स्थान पर बैलजोड़ी बांटी जा रही है ? यदि हां, तो क्यों तथा कब से तथा 15-2-2007 तक कितने हितग्राहियों को कितनी बैल जोड़ियां बांटी जा चुकी है ? जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) बैल खरीदी के लिए किस एजेंसी को नियुक्त किया गया है ? किन-किन फर्मों से बैलों की खरीदी की गई ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) आदिवासियों को गाय बांटने की योजना में परिवर्तन नहीं किया गया है. एन. डी. डी. बी. के माध्यम से दुग्ध मार्गों में स्थित विकासखण्डों में यह योजना क्रियान्वित की जा रही है. बस्तर विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव पर विचारोपरांत राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए बी. पी. एल. आदिवासी परिवारों को जिनके पास कृषि भूमि है, दुधारू गाय के स्थान पर उनके द्वारा दिये गये विकल्प के अनुरूप निःशुल्क बैलजोड़ी प्रदाय की जाय, तदनुसार दिनांक 18-7-2005 से बैलजोड़ी वितरण योजना संचालित है. 15-2-2007 तक 31,380 बैलजोड़ी बांटी जा चुकी है. जिलेवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक पर है. (ख) संचालक पशु चिकित्सा सेवायें के पत्र द्वारा लैटर ऑफ एक्सप्रेशन जारी कर 25 बैलजोड़ी प्रदायकर्ताओं से अनुबंध कर, पंजीयन किया गया तथा लाट डालकर प्रत्येक प्रदायकर्ता को 3-4 विकासखण्ड बैलजोड़ी उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत किया गया. जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित क्रय समिति मापदण्ड के अनुरूप अधिकृत प्रदायकर्ता से बैलजोड़ी क्रय करती है. पंजीकृत प्रदायकर्ताओं की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-दो पर है.

आमनेर मोतीनाला एवं शिवनाथ व्यपवर्तन योजनाओं की रूपांकित तथा निर्मित सिंचाई क्षमता

18. (*क्र. 1820) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि महानदी गोदावरी कछार अंतर्गत आमनेर मोतीनाला एवं शिवनाथ व्यपवर्तन (चांदो) योजनाओं की लागत कितनी-कितनी है ? इन योजनाओं की रूपांकित तथा निर्मित सिंचाई क्षमता कितनी-कितनी है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : महानदी गोदावरी कछार के अन्तर्गत आमनेर मोतीनाला व्यपवर्तन एवं शिवनाथ व्यपवर्तन (चांदो) की लागत तथा रूपांकित एवं निर्मित सिंचाई क्षमता निम्नानुसार है :-

| स. क्र. | योजना का नाम | लागत (रु. लाख में) | रूपांकित सिंचाई क्षमता (हेक्टेयर में) | निर्मित सिंचाई क्षमता (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आमनेर मोतीनाला व्यपवर्तन | 950.00 | 2004 | 2004 |
| 2. | शिवनाथ (चांदो) व्यपवर्तन | 1399.00 | 5870 | 5870 |

तांदुला जलाशय की नहर लाईनिंग होने के बाद सीपेज न होने से बचत पानी

19. (*क्र. 1853) **श्री भूपेश बघेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के तांदुला जलाशय की नहर की लाइनिंग होने के बाद सीपेज के कितने पानी की बचत हुई है ? (ख) बचत पानी का क्या उपयोग किया गया ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) दुर्ग जिले के तांदुला जलाशय की मुख्य नहर के लाइनिंग कार्य होने के पश्चात् सीपेज न होने से 3126 मि. घ. फुट जल की बचत हुई. (ख) बचत पानी से 19705 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है.

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आवंटित सामग्री

20. (*क्र. 539) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु माह नवम्बर, 2006 से जनवरी 2007 तक कौन-कौन से सामग्री कितनी-कितनी मात्रा में आवंटित की गयी ? माहवार जानकारी देवें ? (ख) बिलाईगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत नगर पंचायत भटगांव के वितरण केन्द्रों में माह नवम्बर, दिसम्बर, 06 एवं जनवरी, 07 में कुल वितरित सामग्रियों की जानकारी माहवार, वस्तुवार बतायें ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) जानकारी प्रपत्र "अ" पर † संलग्न है. (ख) जानकारी प्रपत्र "ब" पर † संलग्न है.

अधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो में पंजीबद्ध प्रकरण

21. (*क्र. 1722) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पशुपालन विभाग में कितने अधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक अपराध पंजीकृत है ? नाम, पदनाम सहित विवरण देवें ? (ख) अपराध पंजीकृत होने के उपरांत किन-किन अधिकारियों को पदोन्नति दी गई ?

**कृषि मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) पशुपालन विभाग के दो अधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक अपराध पंजीकृत है. इन अधिकारियों के नाम एवं पदनाम निम्नानुसार है :-

1. डॉ. एस. एस. गहरवार, संयुक्त संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें रायपुर
2. डॉ. तनवीर अहमद, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, अम्बिकापुर.

(ख) प्रश्नांश (क) के उत्तर में उल्लेखित अधिकारी डॉ. एस. एस. गहरवार, संयुक्त संचालक के विरुद्ध पंजीबद्ध अपराध में माननीय न्यायालय में चालान प्रस्तुत न होने के कारण सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक/एफ-सी-6-2/94/3/1 दिनांक 30-06-1994 में निहित निर्देशों के अंतर्गत विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा पदोन्नति के योग्य पाये जाने पर विभाग द्वारा पदोन्नति दी गई है.

-----

† परिशिष्ट "पांच"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 1622) के भाग (ख) की जानकारी ]

**बाल श्रमिक शाला संचालन करने वाली अशासकीय संगठनों का नाम**

| क्रमांक (1) | शाला का नाम (2) | दर्ज बच्चों की संख्या (3) | शाला संचालन करने वाली अशासकीय संगठन का नाम (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | शिवाजी चौक, फिंगेश्वर | 50 | युगयुगान्तर मानव कल्याण समिति, खमतराई |
| 2. | ग्राम पंचायत, बेलर | 50 | युगयुगान्तर मानव कल्याण समिति, खमतराई |
| 3. | हनुमान चौक, लोहर्षी | 50 | युगयुगान्तर मानव कल्याण समिति, खमतराई |
| 4. | खदान रोड, बासीन | 50 | युगयुगान्तर मानव कल्याण समिति, खमतराई |
| 5. | मेला ग्राउंड, राजिम | 50 | आदर्श महिला मंडल, राजिम |
| 6. | थाना पारा, राजिम | 50 | आदर्श महिला मंडल, राजिम |
| 7. | कुम्हारपारा, गरियाबंद | 50 | नव ज्योति सिन्हा शिक्षण समिति, बरोण्डा, राजिम |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 8 (क्र. 1453) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**पशु औषधालय के भवनों की स्थिति :-**

| क्रमांक | संचालित संस्था एवं ग्राम का नाम | भवनों की जानकारी | |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | पशु औषधालय/कराहीभदर | - | भवनविहीन |
| 2. | पशु औषधालय/जग सांकरा | भवनयुक्त | - |
| 3. | पशु औषधालय/निपानी | भवनयुक्त | - |
| 4. | पशु औषधालय/ पोंडी | - | भवनविहीन |
| 5. | पशु औषधालय/ लाटाबोड़ | भवनयुक्त | - |
| 6. | पशु औषधालय/ पिपरछेड़ी | - | भवनविहीन |
| 7. | पशु औषधालय/ अमलीडीह | - | भवनविहीन |
| 8. | पशु औषधालय/ बड़भूम | भवनयुक्त | - |
| 9. | पशु औषधालय/ अरमरीकला | भवनयुक्त | - |
| 10. | पशु औषधालय/ कंवर | - | भवनविहीन |
| 11. | पशु औषधालय/ अरकार | - | भवनविहीन |
| 12. | पशु औषधालय/ लोहारा | - | भवनविहीन |
| 13. | पशु औषधालय/ धनेली | - | भवनविहीन |

प्रपत्र ''ब''

| क्र. | पशु औषधालय का नाम | विकासखण्ड का नाम | श्रेणीवार पदों की जानकारी | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स. प. चि. क्षे. अधि. | | | पशु परिचारक | | | आकस्मिक निधि स्वच्छकार | | |
| | | | स्वी. पद | कार्यरत | रिक्त | स्वी. पद | कार्यरत | रिक्त | स्वी. पद | कार्यरत | रिक्त |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1. | करहीभदर | बालोद | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 |
| 2. | जगसांकरा | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 3. | निपानी | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 4. | पोंडी | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 5. | लाटाबोड | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 6. | पीपरछेड़ी | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 7. | अमलीडीह | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 8. | बरमूम | गुरूर | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 9. | अरमरीकला | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 10. | कंवर | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - |
| 11. | अरकार | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 12. | लोहार | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| 13. | धनेली | --,,-- | 01 | 01 | - | 01 | 01 | - | 01 | - | 01 |
| | | योग | 13 | 13 | - | 13 | 12 | 01 | 13 | 01 | 12 |

परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 1819) के भाग (क) की जानकारी ]

**किसान समृद्धि योजना के क्रियान्वयन हेतु मापदण्ड :**

(a) विद्युत की उपलब्धता एवं निकटता को ध्यान में रखते हुए प्रकरण समूह (क्लस्टर) में तैयार किये जाएंगे , जिससे कि विद्युत मंडल एवं कृषकों को विद्युत कनेक्शन हेतु आर्थिक बोझ कम पड़े. "समूह में प्रथम आवे प्रथम पावें" के आधार पर पंजीयन उप संचालक कृषि के कार्यालय में किया जायेगा किन्तु लघु एवं सीमान्त कृषकों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी. उप संचालक कृषि द्वारा पंजीयन पत्र जारी किया जाएगा.

(b) अनुदान की पात्रता उन सभी कृषकों व उनके समूह को होगी जिन्होंने सहकारी अथवा व्यवसायिक बैंक से ऋण लिया हो अथवा ऐसे कृषक या उनके समूह जो स्वयं के व्यय से नलकूप खनन के इच्छुक हों.

(c) नलकूप की गोलाई एवं गहराई का पंचनामा एक समिति, जिसके सदस्य-अनुविभागीय कृषि अधिकारी, सहायक कृषि यंत्री अथवा उनके प्रतिनिधि, कृषक स्वयं एवं क्षेत्र के सरपंच/पंच होवेंगे, के स्थल पर संयुक्त रूप से जांच कर बनाया जाएगा. समिति के सदस्यों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में पंचनामा प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा.

(d) नलकूप सफल/असफल होने की स्थिति में कृषक द्वारा दिया गया सफल/असफल होने का प्रमाण-पत्र मान्य होगा. किन्तु गोलाई एवं गहराई के संबंध में उपरोक्त दर्शित पंचनामा समिति द्वारा स्थल निरीक्षण के पश्चात् प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा.

(e) कृषक अथवा कृषक समूह के जोत का आकार न्यूनतम 1 हेक्टेयर हो.

(f) विद्युत कनेक्शन एवं नलकूप चालू कराने की जिम्मेदारी कृषक की होगी तथापि जिले के उप संचालक कृषि एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के जिले के प्रभारी अधिकारी समन्वय करेंगे.

(g) कृषकों को अपनी पसंद का आई. एस. आई. मार्कवाला पंप निजी डीलर अथवा सहकारी संस्थाओं अथवा अर्धशासकीय संस्थाओं से क्रय करने की स्वतंत्रता होगी.

(h) एक नलकूप से दूसरे नलकूप की दूरी कम से कम 300 मीटर होना अनिवार्य होगा.

(i) सफल नलकूप हेतु नलकूप का न्यूनतम डिस्चार्ज 1500 गैलन प्रतिघंटा होगा.

(j) कृषक अपनी इच्छानुसार पंजीकृत ठेकेदारों से नलकूप खनन करा सकेंगे तथा पंजीकृत ठेकेदारों की सूची विकासखंड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध रहेगी.

(k) अनुदान स्वीकृत करने के पूर्व लाभान्वित होने वाले कृषक हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन कलेक्टर द्वारा किया जावेगा.

(l) इन विकासखण्डों में विभागीय अन्य नलकूप अनुदान योजना का क्रियान्वयन नहीं किया जाएगा.

(m) योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों के प्रकरण में प्रति पम्प कनेक्शन के लिये लाईन विस्तार कार्यों में विद्युत मंडल द्वारा देय राशि सहित अधिकतम 50,000 रु. एवं दीर्घ कृषकों के लिये (5 एकड़ के ऊपर) रु. 40,000 प्रति पम्प का व्यय विद्युत मंडल द्वारा किया जाता है.

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्र. 159) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**बिलासपुर जिले में मिट्टी तेल की कालाबाजारी/अवैध भंडारण से संबंधित दर्ज प्रकरणों की जानकारी**

वर्ष 2006

| क्रमांक (1) | दोषी व्यक्ति का नाम एवं पता (2) | दिनांक (3) | जप्तशुदा मिट्टी तेल की मात्रा (ली. में) (4) | दोषी व्यक्ति के विरुद्ध की गई कार्यवाही (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहम्मद इशाक, निवासी सदरगंज, बिलासपुर | 10-1-2006 | 75 | जप्तशुदा मिट्टीतेल राजसात की गई. |
| 2. | राजकुमार कश्यप, ग्राम लोहर्सी | 12-1-2006 | 240 | " |
| 3. | नारायण प्रसाद सतनामी, मिट्टीतेल हाकर बिलासपुर | 17-2-2006 | 450 | " |
| 4. | लावारिस, तारबहार भा. खा. नि. के पास बिलासपुर | 10-3-2006 | 1200 | " |
| 5. | अशोक श्रीवास, ग्राम बढ़ी कोनी | 15-6-2006 | 115 | " |
| 6. | मे. उषा ग्लास वर्क्स, ग्राम हरदी | 6-7-2006 | 4740 | " |
| 7. | औद्योगिक क्षेत्र तिफरा, बिलासपुर | 12-7-2006 | 1700 | प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन |
| 8. | संतराम रिक्शा हाकर तारबहार | " | 450 | जप्तशुदा मिट्टीतेल राजसात की गई |
| 9. | प्रकाश, रिक्शा हाकर, तारबहार | " | 200 | " |
| 10. | रामगोपाल अग्रवाल निवासी कोटा | 10-8-06 | 1450 | प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन |
| 11. | लावारिस इंडियन आयल डिपो के पीछे तारबहार, बिलासपुर | " | 1520 | जप्तशुदा मिट्टीतेल राजसात की गई |
| 12. | रामगोपाल अग्रवाल, कोटा | " | 500 | प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन |
| 13. | रामबल कौशिक ग्राम बेलतरा | 1-9-06 | 300 | " |
| 14. | रामकुमार कुर्मी, ग्राम बेलतरा | " | 80 | " |
| 15. | नवाबअली ग्राम बेलतरा | " | 222 | जप्तशुदा मिट्टीतेल राजसात की गई |
| 16. | जगदेवसिंह ठाकुर, ग्राम भट्ठीमुड़ा | 1-9-06 | 120 | प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन |
| 17. | अमरजोतसिंह, ग्राम बेलतरा | " | 100 | जप्तशुदा मिट्टीतेल राजसात किया गया |
| 18. | लावारिस, घोड़ादाना स्कूल परिसर तारबहार, बिलासपुर | 13-9-06 | 400 | प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन |
| 19. | रंजन डे विद्याउपनगर, बिलासपुर | 30-9-06 | 25 | जप्तशुदा मिट्टीतेल राजसात की गई |
| 20. | संजय पाण्डे, ग्राम बेलसरी | " | 250 | " |
| 21. | जवाहर चौधरी, तारबहार बिलासपुर | 13-9-06 | 200 | प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 22. | नरेन्द्र सिंह, संचालक पेरिस बेकरी लालखदान, बिलासपुर | 29-9-06 | 500 | जमशुदा मिट्टीतेल राजसात की गई |
| 23. | विवेक जायसवाल , ग्राम देवरगांव गौरेला | 13-11-06 | 240 | प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन |
| 24. | लालचंद यादव, ग्राम भदरवानी, गौरेला | ,, | 20 | ,, |
| 25. | ठाकुरदीन, ग्राम भदरवानी, गौरेला | ,, | 20 | ,, |
| 26. | सतीष पाण्डे, संचालक मनोज बेकरी लालखदान, बिलासपुर | 29-9-06 | 300 | ,, |
| 27. | सुशील वर्मा, अनिल कंस्ट्रक्शन, नेहरूनगर, बिलासपुर | 18-10-06 | 600 | ,, |
| 28. | रतनसिंह सिदार, ग्राम मोहरा | 3-10-06 | 15 | ,, |
| 29. | प्रकाश महंत, तारबहार बिलासपुर | 23-11-06 | 763 | ,, |
| 30. | बृजलाल अहिरवार, तारबहार, रामप्रसाद गोंड़ | 13-12-06 | 3000 | दो व्यक्तियों के विरुद्ध एफ. आई. आर. दर्ज कराया गया |
| 31. | बृजलाल अहिरवार, तारबहार | 17-10-06 | 3 हाकर्स रिक्शा | प्रकरण कलेक्टर न्या. में विचाराधीन |
| योग 31 | | | 19,495 | |

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 539) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आवंटन की जानकारी विकासखण्ड-बिलाईगढ़, जिला-रायपुर**

मात्रा क्विंटल/मिट्टीतेल कि. ली. में

| क्र. (1) | माह का नाम (2) | शक्कर (3) | चावल APL (4) | चावल BPL (5) | गेहूं APL (6) | गेहूं BPL (7) | अन्त्योदय (8) | अन्नपूर्णा (9) | अमृत नमक (10) | मिट्टीतेल (11) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नवंबर, 06 | 360 | 5797 | 3790 | 236 | 349 | 1015 | 40 | 267 | 117 |
| 2. | दिसंबर, 06 | 307 | 5702 | 3888 | 232 | 358 | 1029 | 40 | 292 | 118 |
| 3. | जनवरी, 07 | 306 | 5744 | 3962 | 234 | 359 | 1147 | 41 | 293 | 118 |
| | **योग** | **973** | **17243** | **11640** | **702** | **1066** | **3191** | **121** | **852** | **353** |

प्रपत्र "ब"

नगर पंचायत भटगांव के उचित मूल्य दुकानों में माहवार राशन सामग्री के वितरण की जानकारी दि. 23-2-07

(मात्रा क्विं./केरोसीन लीटर में)

| क्रमांक | दुकान का नाम | माह का नाम | ए.पी.एल. चावल | बी.पी.एल. चावल | अन्त्योदय चावल | अन्नपूर्णा चावल | ए.पी.एल. गेहूं | बी.पी.एल. गेहूं | शक्कर | अमृत नमक | केरोसीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1. | भटगांव क्रमांक - 01 | नवम्बर 06 | - | 43.55 | 35.85 | 0.1 | - | 0.5 | 0.1 | - | - |
| | | दिसम्बर 06 | - | 84.75 | 40.2 | - | - | 14.1 | 14.45 | 9.12 | 2305 |
| | | जनवरी 07 | - | 49.65 | 33.55 | 0.4 | - | - | - | - | 4363 |
| 2. | भटगांव क्रमांक-02 | नवम्बर 06 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | | दिसम्बर 06 | - | 82.6 | 90.1 | 0.3 | - | 6.55 | 12.5 | - | 2380 |
| | | जनवरी 07 | - | 74.55 | 166.2 | - | - | 11.1 | 7.72 | - | - |
| 3. | भटगांव क्रमांक-03 | नवम्बर 06 | - | 31.5 | 16.5 | - | - | 8 | 11.5 | 2 | 514 |
| | | दिसम्बर 06 | - | 7.5 | 1 | - | - | 0.6 | 0.6 | - | - |
| | | जनवरी 07 | - | 76.5 | 48 | - | - | 6 | 6 | - | 800 |
| 4. | भटगांव क्रमांक-04 | नवम्बर 06 | - | 52.65 | 64.5 | - | - | - | - | 108 | 2900 |
| | | दिसम्बर 06 | - | 12.4 | - | - | - | - | 4.5 | - | 5840 |
| | | जनवरी 07 | - | 60.5 | 66 | - | - | 1 | 2 | - | 1100 |
| | योग | | - | 576.15 | 561.9 | 0.8 | - | 47.85 | 59.37 | 119.12 | 20202 |